Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding direct train services to Khatushyamji Pilgrimage

सुश्री सुनीता दुग्गल (सिरसा): माननीय सभापति, आपने मुझे अपने लोक सभा क्षेत्र के जनहित मुद्दे उठाने का सौभाग्य दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । राजस्थान में खाटू श्याम तीर्थ है । मेरे लोक सभा क्षेत्र सिरसा से रोजाना हजारों की संख्या में तीर्थ यात्री वहां जाते हैं । वहां पर सीधी कोई रेल सेवा नहीं है । इस साल के शुरुआत में खाटू धाम मेले को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने 09711/12 नरवाना-जयपुर वाय रिंगस मेला स्पेशल और सिरसा-जयपुर वाया रिंगस का संचालन किया था और वह बेहद ही सफल रहा । लेकिन अब उसे बंद कर दिया गया है ।

HON. CHAIRPERSON: Duggal *ji*, please make your final point and then conclude.

सुश्री सुनीता दुग्गल: मैं बताना चाहती हूं कि जो मेला स्पेशल ट्रेन्स शुरू की गई थी, वह ट्रेन अब बंद हो गई हैं । जाखल से जयपुर वाया रिंगस नई ट्रेन दी जाए और कोटा से हिसार एक्सप्रेस को सिरसा तक बढ़ाया जाए । रेल बोर्ड ने इन ट्रेन्स की पहले भी मंजूरी दी थी, लेकिन अभी तक इसका विस्तार नहीं हुआ है । 09705-06 जयपुर सादुलपुर पैसेंजर ट्रेन का विस्तार अलाहाबाद के रास्ते हनुमानगढ़ तक किया जाए ।